तापमान
अधिकतम 27 डिग्री
न्यूनतम 13 डिग्री

हरिभूमि
# धमतरी भूमि
रायपुर, गुरुवार 27 नवंबर 2025

कुरुद | सिर्री | जीजामगांव | नगरी | मगरलोड

10 कुरुद में कांग्रेस प्रभारी पायलट का हुआ जोशीला स्वागत



12 गुजरा क्षेत्र तथा नगरी ब्लॉक के छह वार्डों में प्रपत्रों की ...



## खबर संक्षेप

### प्राक्चयन परीक्षा 2 दिसम्बर को

**धमतरी।** युवा करियर निर्माण योजना के तहत प्री मेडिकल एवं प्री इंजीनियरिंग प्रवेश के लिए प्राक्चयन परीक्षा 2 दिसम्बर को आयोजित की जाएगी। सहायक आयुक्त आदिवासी विकास विभाग ने बताया कि यह परीक्षा प्रयास बालक आवासीय विद्यालय सड्डू उरकुरा मार्ग रायपुर में आयोजित की जाएगी।

### सिन्हा समाज का परिचय सम्मेलन 7 को

**धमतरी।** डड़सेना सिन्हा (कलार) समाज मंडल धमतरी द्वारा सिन्हा समाज भवन में युवक-युवती परिचय सम्मेलन व पारिवारिक मिलन समारोह सात दिसंबर को रखा गया है। समारोह का शुभारंभ सुबह 11 बजे होगा। कार्यक्रम की तैयारी में संतोष कुमार सिन्हा, यशवंत सिन्हा, रामजी सिन्हा एवं हेमशंकर सिन्हा जुटे हुए हैं।

### उमरगांव में 30 से मेला मड़ई का आयोजन

**नगरी।** ग्राम उमरगांव में खंभेश्वरी बाबा के प्रांगण में 30 नवंबर रविवार से दो दिवसीय मेला मड़ई का आयोजन किया गया है। मेले में विभिन्न सांस्कृतिक, पारंपरिक और धार्मिक गतिविधियां आयोजित की जाएंगी। वहीं रात्रिकालीन मनोरंजन के लिए मोर मयारू नाचा पार्टी भरदा (गुरूर) की विशेष प्रस्तुति होगी, जिसे लेकर ग्रामीणों में उत्साह देखा जा रहा है।

### मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना के लिए आवेदन 30 तक

**धमतरी।** छत्तीसगढ़ शासन की महत्वाकांक्षी, मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना अंतर्गत सामूहिक विवाह का आयोजन आगामी माह में प्रस्तावित है। परियोजना अधिकारी, एकीकृत बाल विकास परियोजना नगरी ने बताया कि इच्छुक माता- पिता जो अपनी बेटियों का विवाह इस योजना अंतर्गत करवाना चाहते हैं, वे आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, सेक्टर पर्यवेक्षक, परियोजना अधिकारी एकीकृत बाल विकास परियोजना नगरी से संपर्क कर 30 नवम्बर तक आवेदन प्रस्तुत कर सकते हैं।

### मानस सम्मेलन 30 जनवरी से

**सिर्री।** ग्राम अटंग, जीजामगांव और सिंधौरीखुर्द में 30, 31 जनवरी और 1 फरवरी को श्रीरामचरित मानस सम्मेलन का आयोजन किया गया है जिसमें क्षेत्र की लगभग 25 ख्यातिप्राप्त मंडलियां अपनी प्रस्तुति देंगी। आयोजन की तैयारी जोर-शोर से चल रही है। यह जानकारी रुद्रनाथ साहू अटंग ने दी।



### सिर्री में पंथी प्रतियोगिता 19-20 दिसंबर को

**सिर्री।** ग्राम सिर्री में ग्रामवासियों के सहयोग से 19 और 20 दिसंबर को पंथी नृत्य और झांकी प्रतियोगिता रखी गई है। पुरुष वर्ग में प्रथम पुरस्कार 5555 रूपये, द्वितीय 3333, तृतीय 2222 रुपए वहीं महिला वर्ग में प्रथम पुरस्कार 4444, द्वितीय 2222, तृतीय 1555 रूपये निर्धारित है। प्रत्येक मंडली को सांत्वना राशि 2222 रू. दी जाएगी। स्पर्धा में 25 मंडलियों को शामिल किया जाएगा। प्रवेश शुल्क 201 रुपए है। समापन दिवस पर रात्रि में चंपा बसन लोककला छत्तीसगढ़ी नाचा पार्टी भकुर्रा राजनांदगांव की प्रस्तुति होगी। तैयारी में भागवत मनहर शिक्षक, धनेश बंजारे अध्यक्ष, कमलेश टंडन उपाध्यक्ष, लेखराम घृतलहरे सचिव, भारत घृतलहरे संरक्षक, परमानंद सोनवानी, कामेश बंजारे, चंद्रहास, ओमप्रकाश, धनेश मनहर, तुलाराम, कैलाश कुमार, भोजराम जुटे हैं।

संविधान दिवस पर प्रदेश कांग्रेस संगठन का संविधान बचाओ कार्यक्रम आयोजित

# प्रत्येक वोट कीमती, कोई भी मतदाता वोटिंग से न हो वंचित : पायलट

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

बुधवार को राजीव गांधी भवन में संविधान दिवस पर संविधान बचाओ और एसआईआर पर बड़ा कार्यक्रम हुआ। कार्यक्रम में अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के महासचिव एवं प्रदेश प्रभारी सचिन पायलट, पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल, प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष दीपक बैज तथा नेता प्रतिपक्ष चरणदास महंत विशेष रूप से मौजूद थे।











कार्यक्रम के मुख्य वक्ता महासचिव एवं प्रदेश प्रभारी सचिन पायलट ने कहा कि संविधान, लोकतंत्र को बचाना है। बीएलए को एसआईआर के लिए प्रत्येक घर में तीन बार जाना है। प्रतिदिन 50 नाम जुड़वाया जा सकता है। आप सबकी जिम्मेदारी है और समय कम है। हम जितना भी प्रचार कर ले, भाषण, जुलूस, धरना कर ले अंत में वोट में गड़बड़ी हो गई। नाम लिस्ट में नहीं आया तो सब बेकार है। वोट कीमती है। पहले रेगिस्तान, पहाड़, ठंड, गर्मी में दुर्गम स्थल पर जाकर वोटर बनाया जाता था, ताकि कोई वोटिंग से वंचित न रहे। अब वह समय आ गया है कि पोलिंग बूथ में लगने वाले कैमरा का फुटेज 45 दिनों में नष्ट कर देंगे। संतुष्ट नहीं होने पर अगर कोई कोर्ट जाएगा तो कोर्ट प्रमाण-पत्र मांगेगा। प्रमाणपत्र तो नष्ट कर दिया जाएगा। राहुल गांधी ने दुनिया के सामने कर्नाटक सहित और अन्य राज्यों में डाटा विवरण प्रमाण के साथ वोट चोरी का मामला उठाया है लेकिन अब तक जांच कमेटी गठित नहीं की।

श्री पायलट ने कहा कि पूरे कांग्रेस कार्यकर्ताओं को सड़क पर आना होगा। अपने लिए, राज्य के लिए, देश के लिए पूरे प्रदेश में जा रहे हैं ताकि संवाद हो सके। उन्होंने कहा कि निर्वाचन आयोग मुखिया चयन की पूरी प्रक्रिया बदल दी गई है। पहले नेता प्रतिपक्ष, प्रधानमंत्री और गृहमंत्री इसका चयन करते है। उन्होंने आग्रह किया कि एसआईआर के लिए 4 दिसंबर अंतिम तिथि है। पार्टी के तमाम कार्यकर्ता, बीएलए सभी के घर जाएं। कोई मतदान से वंचित न हो।

पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने कहा कि आज सबसे ज्यादा खतरा संविधान को है। हिन्दू राष्ट्र की बात करते हैं। संविधान को कमजोर कर रहे हैं। हजारों साल की परम्परा ज्ञान का निचोड़ संविधान है। संविधान में अमीर-गरीब, महिला, किसान मतदूर सबको बराबरी का अधिकार है। इसे चुनौती देने का काम चल रहा है। एसआईआर के माध्यम से घुसपैठियों की पहचान होने की बात करते हैं। बिहार में नई सरकार बन गई, कितने घुसपैठियों की पहचान हुई । कोई पता नहीं है। उन्होंने वन अधिकार पट्टा में धान बेचने से वंचित किसानों को एग्रीस्टेक, गिरदावरी, जमीन की दर तय करने, कस्टम मिलिंग दर पर शासन को आड़े हाथ लिया। उन्होंने कहा कि प्रत्येक व्यक्ति को वोट का अधिकार है। एसआईआर की प्रक्रिया जल्दबाजी में की जा रही है। नेता प्रतिपक्ष चरणदास महंत, प्रदेश अध्यक्ष दीपक बैज ने भी कार्यक्रम को संबोधित किया।

इस मौके पर खरसिया विधायक उमेश पटेल, बालोद विधायक संगीता सिन्हा, सिहावा विधायक अंबिका मरकाम, धमतरी विधायक ओंकार साहू, प्रदेश युवा अध्यक्ष आकाश शर्मा, प्रदेश सहसचिव विजय जांगीर, जरीता लेफरांग, जीव जंतु बोर्ड उपाध्यक्ष अशोक चंद्राकर, पूर्व मंडी अध्यक्ष सुखचंद बेड़ा, सन्नी अग्रवाल, पूर्व विधायक लक्ष्मी ध्रुव, अशोक सोम, लेखराम साहू, मोहन लालवानी, पंकज महावर, आनंद पवार, नीशु चंद्राकर, आलोक जाधव, राजेंद्र सोनी, गजेंद्र सोनी सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता शामिल थे। कार्यक्रम का संचालन अध्यक्ष आकाश गोलछा ने किया।

## महंगाई के अनुसार समर्थन मूल्य बढ़ाने एकजुट हुए कई संगठन

- केंद्रीय ट्रेड यूनियन और एकेएम ने कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

श्रम संहिता को रद्द करने और महंगाई के अनुसार फसल का न्यूनतम समर्थन मूल्य तय करने सहित विभिन्न मांगों को लेकर विभिन्न संगठनों ने संयुक्त रूप से राष्ट्रपति को ज्ञापन प्रेषित किया। उन्होंने किसानों और मजदूरों के हित को ध्यान में रखकर मांग को पूरी करने का निवेदन किया है।





बुधवार को केंद्रीय ट्रेड यूनियन और एकेएम का संयुक्त प्रतिनिधि मंडल कलेक्टोरेट पहुंचा। कलेक्टर के माध्यम से राष्ट्रपति द्रोपदी मुर्मू को ज्ञापन प्रेषित करते हुए उन्होंने बताया कि वे मज़दूर और की समस्याओं को उजागर करने और उनके समाधान की मांग को लेकर ज्ञापन सौंप रहे हैं। सरकार ने 21 नवंबर 2025 को अचानक चारों श्रम संहिताओं को अधिसूचित कर दिया जिससे मजदूरों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ेगा। भारत-यूके के बीच समझौता भी किसानों के हित को प्रभावित करेगा। खेती की लागत और महंगाई हर साल 12-15 प्रतिशत बढ़ रही है, जबकि सरकार समर्थन मूल्य पर केवल 2-7 प्रतिशत ही वृद्धि कर रही है। उन्होंने सभी फसल की गारंटीकृत खरीदी, चारों श्रम संहिताओं को रद्द करने ठेकाकरण व आउटसोर्सिंग बंद करने, सभी श्रमिकों 26,000 रुपए राष्ट्रीय न्यूनतम वेतन और 10,000 रूपए मासिक पेंशन, किसानों और कृषि श्रमिकों के लिए कर्जमाफी तथा सस्ता ऋण सहित अन्य बिंदुओं पर अपनी मांग रखी।

## पंद्रह हजार के चिट्टा के साथ दो आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

एसपी के निर्देश पर चलाये जा रहे नशा विरोधी अभियान में धमतरी पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। अवैध हेरोइन (चिट्टा) बेचने वाले दो आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। थाना सिटी कोतवाली द्वारा एनडीपीएस एक्ट के तहत दोनों आरोपियों को जेल भेज दिया गया है।

एसपी के निर्देशन में जिलेभर में नशे के विरुद्ध अभियान चलाया जा रहा है। इस सघन अभियान के तहत थाना सिटी कोतवाली पुलिस को नशे के विरुद्ध एक और सफलता प्राप्त हुई है। पुलिस टीम ने श्रीराम नगर स्थित सेन समाज भवन के पास हेरोइन (चिट्टा) की बिक्री कर रहे दो आरोपियों को घेराबंदी कर पकड़ा। पूछताछ में आरोपियों ने अपना नाम नरेन्द्र उर्फ निखिल निर्मलकर उम्र 26 वर्ष पिता मन्नू निर्मलकर अम्बेडकर वार्ड धमतरी और खिलेश उर्फ सोनू देवांगन उम्र 24 वर्ष पिता टुमन देवांगन इन्द्रा नगर नयापारा वार्ड बताया। जांच के दौरान आरोपियों के कब्जे से 1.5 ग्राम हेरोइन (चिट्टा) कीमत लगभग 15,000 रुपये, दो मोबाइल फोन कीमत 27,000 रुपये और बिक्री रकम 5,500 रुपये सहित 2 सिल्वर फाइल पेपर, 5 रेपर, 1 लाईटर एवं 1 इलेक्ट्रॉनिक तौल मशीन जप्त की गई है। जप्त संपत्ति की कुल कीमत लगभग 48,000 रुपये आंकी गई है। दोनों आरोपियों को विधिवत न्यायिक रिमांड पर जिला जेल धमतरी भेजा गया।



## आरक्षित जमीन से अतिक्रमण हटाया गया

हरिभूमि न्यूज ⏭अंवरी

स्कूल के लिए आरक्षित जमीन के रास्ते पर कुछ लोगों द्वारा अतिक्रमण कर रास्ता बंद कर दिया गया था। शाला प्रबंधन समिति के सदस्यों की उपस्थिति में पंचायत प्रतिनिधियों ने जेसीबी से अतिक्रमण हटवाने की कार्रवाई की।

ज्ञात हो कि ग्राम बोरझरा में वर्षों से स्कूल के लिए जमीन आरक्षित की गई है। खेती से अर्जित आय को स्कूल के संचालन में खर्च किया जाता है। कुछ लोगों ने अतिक्रमण कर रास्ता बंद कर दिया था। शाला प्रबंधन समिति और पंचायत की संयुक्त बैठक आयोजित कर अतिक्रमण हटवाने का निर्णय लिया। सरपंच ने विधिवत अतिक्रमण हटाने के लिए अतिक्रमणकर्ताओं को सूचना जारी की।अतिक्रमणकर्ताओं ने विद्यार्थियों के भविष्य को ध्यान रखते हुए अतिक्रमण हटवाने में सहयोग किया और पुनः रास्ता को बंद नहीं करने की बात कही। इस दौरान सरपंच हवेश्वरी साहू, शेषनारायण साहू, महेश यादव, भेखलाल पटेल मौजूद रहे।



## साप्ताहिक इतवारी बाजार में अव्यवस्था का आलम

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

- आवारा मवेशियों और गंदगी से नागरिक परेशान

शहर का सौ साल पुराना साप्ताहिक इतवारी बाजार हर रविवार अव्यवस्था, गंदगी और भीड़भाड़ से जूझ रहा है, लेकिन इसके व्यवस्थित संचालन की दिशा में ठोस कदम नहीं उठा पाया है। छोटा रकबा और बढ़ती जनसंख्या के बीच हर हफ्ते हजारों लोगों की भीड़ उमड़ती है, जिसमें मछली, मटन और सब्जी की दुकानें एक ही मार्ग पर लग जाने से खरीदारों का चलना तक मुश्किल हो जाता है। सड़क पर इधर-उधर फैला कचरा, बदबू और पानी का गंदा बहाव पूरे बाजार को अस्वच्छ बना देता है। दुकानदारों द्वारा मछली और मटन का कचरा सीधे नालियों में डाल देने से नालियां पूरी तरह जाम हो चुकी हैं, जबकि इन्हीं नालियों के साथ पेयजल पाइपलाइन भी गुजरती है, जिससे पाइप लीकेज की स्थिति में बीमारियां फैलने की आशंका बनी रहती है।

इतवारी बाजार के चारों ओर आवारा कुत्तों का आतंक लगातार बढ़ रहा है। भीड़ के साथ कुत्तों के झुंड घूमते रहते हैं, जिससे महिलाओं और बच्चों में भय का माहौल रहता है। बाजार के पास स्थित सार्वजनिक शौचालय लंबे समय से गंदगी से भरा है और वाटर एटीएम वर्षों से बंद पड़ा है, जिससे पीने के पानी की सुविधा तक उपलब्ध नहीं है। इसी क्षेत्र में बन रहा शहरी आयुष्मान स्वास्थ्य केंद्र भी डेढ़ साल से अधूरा पड़ा है, जिसके चलते उपचार के लिए आने वाले मरीजों को अब भी छोटे किराए के मकान में इलाज कराना पड़ रहा है।

वार्डवासी अजय पटेल ने कहा कि इतवारी बाजार में सफाई की स्थिति बेहद खराब है और हर रविवार को बीमारी फैलने का खतरा बना रहता है। दुकानदार बेनी वर्मा ने बताया कि निगम द्वारा बनाए गए मछली बाजार के शेड का उपयोग न होने से सब्जी और मछली की दुकानें एक ही स्थान पर लगती हैं, जिससे भीड़ और गंदगी दोनों बढ़ते हैं। विजय गौतम का कहना है कि शाम होते ही बाजार के आसपास नशाखोरी करने वालों का जमावड़ा लग जाता है, जिससे महिलाओं को असुरक्षा महसूस होती है। बुजुर्ग नागरिक हेमू मरकाम ने चिंता व्यक्त की कि वाटर एटीएम, नालियां और टूटे स्लैब जैसे मुद्दे बाजार को खतरनाक बनाते जा रहे हैं। इधर निगम प्रशासन का कहना है कि बाजार के व्यवस्थापन, नालियों की सफाई, पाइप लाइन को ऊंचा करने तथा आयुष्मान केंद्र का निर्माण कार्य जल्द शुरू करवाने की दिशा में पहल की गई है। उन्होंने कहा कि अव्यवस्थित बाजार को सही ढंग से पुनर्गठित करने का प्रयास किया जाएगा।

साप्ताहिक इतवारी बाजार कभी शहर की पहचान माना जाता था। आज अव्यवस्था और गंदगी के बोझ तले दब गया है। नागरिकों काकहना है कि जब तक नगर निगम इसे योजनाबद्ध तरीके से व्यवस्थित नहीं करता, यह बाजार सुविधा से अधिक परेशानी का केंद्र बना रहेगा।

### पांच सूत्रीय मांगों को लेकर सुबह से ही सड़क पर डटे रहे

# हजारों किसानों ने किया करघाटी चौक में धरना प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ⏭नगरी

ब्लॉक मुख्यालय नगरी के कर्राघाटी चौक में मंगलवार को विभिन्न गांवों के हजारों किसानों ने पांच प्रमुख मांगों को लेकर स्टेट हाईवे में नगरी-धमतरी मार्ग पर कर्राघाटी चौक में दिनभर धरना-प्रदर्शन कर चक्काजाम किया।





किसानों का कहना था कि सरकार एक ओर किसानों की आय बढ़ाने की बात करती है, लेकिन दूसरी ओर किसान अपनी मेहनत की फसल बेचने के लिए भटक रहे हैं। उपार्जन केंद्रों में खरीदी की सीमित व्यवस्था, पंजीयन में त्रुटियां और वनग्राम राजस्व ग्राम से संबंधित पट्टा समस्याओं ने किसानों को बेहद परेशान कर दिया है। कई किसानों का अब तक पंजीयन तक नहीं हो पाया है। ऐसे में धान नहीं बिकने पर कर्ज कैसे चुकाएंगे। यह चिंता का विषय है। किसानों ने यह भी आरोप लगाया कि चिटफंड कंपनियों में जनता की जमा राशि अब तक वापस नहीं की गई है, जबकि चुनाव पूर्व इसका वादा किया गया था।

इसी दौरान एसडीएम प्रीति दुर्गम ने किसानों से चर्चा कर सभी समस्याओं के निराकरण के लिए एक सप्ताह का समय मांगा। किसान संघर्ष समिति ने मांगों के समाधान का लिखित आश्वासन देने की बात कही और जाम स्थल पर ही अपने निर्णय पर अड़े रहे। किसानों की पांच प्रमुख मांगों में वनग्राम व राजस्व ग्राम के किसान पंजीयन में हो रही गड़बड़ी को दूर कर तत्काल टोकन जारी किया जाए, उपार्जन केंद्र बेलरबाहरा की प्रतिदिन खरीदी सीमा 450 क्विंटल से बढ़ाकर 2000 क्विंटल की जाए, ग्राम उनही के 9 किसान तथा अरसीकन्हार के 5 किसानों का पंजीयन उपार्जन केंद्र सांकरा उमरगांव से सुधारकर बेलरबाहरा में किया जाए, वनग्राम से राजस्व ग्राम में परिवर्तन हेतु किसानों को नवीन पट्टा प्रदान किया जाए, चिटफंड अधिनियम 2019 लागू कर फंसे निवेशकों के धन की शीघ्र वापसी की जाए।

किसानों ने कहा कि यदि तय समय सीमा में उनकी समस्याओं का समाधान नहीं हुआ तो आंदोलन और उग्र रूप ले सकता है। धरना प्रदर्शन के दौरान जनपद सदस्य सिरधन सोम, प्रमोद कुंजाम घनश्याम नेताम, नेहरू लाल, तरुण कुमार, महेंद्र कुमार, जितेन्द्र, सतन लाल, रमेश कुमार, श्यामलाल, लोभान सिंह, लक्ष्मीनाथ, राजाराम मरकाम, कुबेर भण्डारी, सतोष मराई, कमलेश प्रजापति, नंदू कश्यप, मोहन नेताम सहित बड़ी संख्या में किसान मौजूद रहे। धरना प्रदर्शन के दौरान प्रशासन की ओर से एसडीएम प्रीति दुर्गम, तहसीलदार चुनेंद्र ध्रुव, एडिशनल एसपी शैलेश पांडे, एसडीओपी नितिन रंगारी, नगरी सिहावा क्षेत्र के थाना प्रभारियों तथा राजस्व अमले की उपस्थिति रही।

### युवा रत्न सम्मान योजना के लिए 30 तक आवेदन

**धमतरी।** छत्तीसगढ़ शासन, खेल एवं युवा कल्याण विभाग द्वारा युवा कल्याण के विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य, सेवाओं तथा अभिनव प्रयासों को सम्मानित करने एवं युवाओं में राष्ट्रीय स्तर पर कीर्तिमान स्थापित करने की दृष्टि से युवा रत्न सम्मान योजना वित्तीय वर्ष 2025-26 के लिए जारी की गई है। योजना के अनुसार साधारण एवं विशिष्ट सेवा कार्य हेतु कुल 1 युवा एवं 1 स्वैच्छिक संगठन का चयन किया जाएगा। चयनित युवा को 2.50 लाख तथा चयनित संगठन को 5 लाख की पुरस्कार राशि प्रदान की जाएगी। आवेदन 30 नवंबर तक कार्यालयीन समय में कार्यालय खेल अधिकारी, खेल एवं युवा कल्याण रूद्री जिला धमतरी में आवेदन प्रस्तुत कर सकते हैं। प्रभारी सहायक खेल अधिकारी जेपी देव से भी जानकारी प्राप्त की जा सकती है।

हरिभूमि
पाठक सूचना
धमतरी जिले में
हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें
मो. 9826114710, 9993322768
9098324969

## छत्तीसगढ़ी व्यंजन परोसकर की गई जमकर मेहमान नवाजी

# कुरुद में कांग्रेस प्रभारी पायलट का हुआ जोशीला स्वागत

हरिभूमि न्यूज ⏭ कुरुद



प्रदेश स्तर पर चल रहे विशेष सदस्यता अभियान (एसआईआर) की समीक्षा बैठक एवं कार्यकर्ताओं की समस्याओं पर चर्चा करने कांग्रेस के छत्तीसगढ़ प्रदेश प्रभारी और पूर्व उपमुख्यमंत्री सचिन पायलट दो दिन के छत्तीसगढ़ दौरे पर निकले हैं जिनका कुरुद के कांग्रेसियों ने जोशीला स्वागत कर व छत्तीसगढ़ी व्यंजन ख़िलाकर जमकर मेहमान नवाजी की।

बुधवार को दोपहर 12:30 बजे सचिन पायलट रायपुर के स्वामी विवेकानंद एयरपोर्ट से पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल, प्रदेशाध्यक्ष दीपक बैज के साथ सीधे धमतरी के लिए रवाना हुए। इन नेताओं का राष्ट्रीय राजमार्ग में मरौद टोल प्लाजा के पास पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष तपन



चंद्राकर ने युवक कांग्रेस के नेतृत्व में पंथी नृत्य की धुन में किसान खुमरी व फूलमाला पहनाकर स्वागत किया। स्वागत कार्यक्रम में भरत नाहर, राजकुमारी दीवान, शारदा साहू, नरेंद्र सोनवानी, देवव्रत साहू, डुमेश साहू, उत्तम साहू, लिली श्रीवास आदि शामिल हुए।

इस मौके पर धमतरी विधायक ओंकार साहू, सिहावा अम्बिका मरकाम, जिलाध्यक्ष शरद लोहाना, आशीष शर्मा, रजत चंद्राकर, महिम शुक्ला, रमेश्वर साहू, मनीष साहू, मंजू साहू, लेखराम साहू, पप्पू राजपूत, जानसिंह यादव, चन्द्रप्रकाश, यतीश सिन्हा सहित सैकड़ों कांग्रेसी मौजूद थे।

### वोट चोरों के हाथ में पूरे देश की बागडोर है

इस दौरान पत्रकारों से वार्ता करते हुए सचिन पायलट ने कहा कि आज संविधान दिवस है जिसे हम पूरे देश में मना रहे हैं। देश के मौजूदा हालात में संविधान की रक्षा करना हमारा फर्ज है। खासकर सत्ता में काबिज लोगों से एसआईआर को लेकर पूछे गए प्रश्न पर कांग्रेस प्रदेश प्रभारी ने कहा कि वोट चोरों के हाथ में देश की पूरी बागडोर है । ऐसे में हम सभी को पूरी सतर्कता बरतते हुए यह सुनिश्चित करना है कि निर्वाचन आयोग मनमानी न करें। वोट का अधिकार सभी वर्ग को मिले। गरीब, दलित, अल्पसंख्यक लोगों का नाम न कटे। हिड़मा एनकाउंटर पर कांग्रेस पर पक्षपात का लग रहे आरोप पर उन्होंने कहा कि कांग्रेस हमेशा नक्सलवाद, आतंकवाद के खिलाफ रही है। उन्होंने होने वाले डीजी कांफ्रेंस पर सवाल खड़ा करते हुए कहा कि छग में होने वाली लूट, चोरी व हत्याएं की समीक्षा कौन करेगा। इसे लेकर गृहमंत्री और प्रधानमंत्री क्या कर रहे हैं।

### नीलम के यार्ड में पायलट ने चखा छत्तीसगढ़ी व्यंजन



स्वागत के बाद पायलट का काफिला जिला पंचायत सदस्य नीलम चंद्राकर के केनाल रोड स्थित यार्ड पहुंचा जहां प्रदेश कांग्रेस सचिव तारिणी चंद्राकर व नीलम की अगुवाई में कांग्रेसियों ने आतिशबाजी कर फूलमाला पहनाकर स्वागत किया। तत्पश्चात एआईसीसी महासचिव एवं प्रदेश प्रभारी पायलट, पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ,नेता प्रतिपक्ष चरणदास मंहत और प्रदेशाध्यक्ष दीपक बैज, धनेंद्र साहू आदि नेताओं का छत्तीसगढ़ी व्यंजन अरसा, ठेठरी, कटवा, चेंचभाजी, लालभाजी, कढ़ी, सेमी सब्जी आदि परोसकर खूब मेहमान नवाजी की गई। जिसका श्री पायलट ने खूब लुत्फ उठाया और जमकर तारीफ की। इसके बाद श्री पायलट का काफिला धमतरी रवाना हुआ।

## अंचल की खबरें

### 29 तीर्थयात्री रामलला दर्शन के लिए रवाना



**मगरलोड।** विकासखंड के 29 तीर्थयात्री अयोध्या धाम रामलला दर्शन के लिए बुधवार को रवाना हुए। जनपद पंचायत मगरलोड अध्यक्ष वीरेंद्र साहू, प्राधिकृत अधिकारी शत्रुघ्न साहू, संतोष सोनी, जिला पंचायत सभापति मीना साहू, विजय यदु ने हरी झंडी दिखाकर तीर्थयात्रियों को रवाना किया। इस अवसर पर मेघा मंडल अध्यक्ष कल्याण राजपूत, जीवराखन साहू, नंदनी सिन्हा, रोहित यादव, थानुराम, विशाल कोसले, पंचायत निरीक्षक दीपक भीमगंज सहित दर्जनों कार्यकर्ता उपस्थित थे।

### पदयात्रियों का भाजपा मंडल ने किया स्वागत



**नगरी।** चंद्रपुर (महाराष्ट्र) से 23 दिनों की कठिन पदयात्रा करते हुए भगवान जगन्नाथ के पवित्र दर्शन हेतु पांच पुरुषों एवं दो महिलाओं की श्रद्धालु टीम आज नगरी पहुंची। उनके आगमन पर भाजपा मंडल नगरी के महामंत्री रूपेंद्र साहू, संतोष निषाद एवं प्रकाश नेताम ने पुष्पमाला पहनाकर स्वागत किया। श्रद्धा, संकल्प और भक्ति से भरी यह यात्रा नगर में लोगों के आकर्षण का केंद्र बनी रही।

### दुगली में संविधान दिवस मनाया गया



**नगरी।** ग्राम पंचायत दुगली में संविधान दिवस मनाया गया। ग्रामीणों सहित जनप्रतिनिधियों ने डॉ. भीमराव अंबेडकर के चित्र पर माल्यार्पण किया तथा उनके योगदान को याद किया। इस अवसर पर सरपंच रामेश्वर मरकाम, भाजपा बूथ अध्यक्ष आशाराम ओटी, नरेन्द्र मरकाम, शिवा नेताम, अभिषेक नेताम, भाजपा मीडिया प्रभारी वरुण देव नेताम सहित अनेक ग्रामीण मौजूद रहे। कार्यक्रम में वक्ताओं ने कहा कि डॉ. अंबेडकर का जीवन संघर्ष, समता, शिक्षा और संविधान की मर्यादा का प्रतीक है। उनके दिखाए मार्ग पर चलकर समाज में समानता और जागरूकता स्थापित की जा सकती है।

### मुख्यमंत्री श्रद्धांजलि योजना की राशि भेंट की



**नगरी।** नगर पंचायत नगरी द्वारा सामाजिक संवेदना का परिचय देते हुए वार्ड क्रमांक 15 की स्वर्गीय सुहागा बाई ध्रुव के परिजनों को मुख्यमंत्री श्रद्धांजलि योजना अंतर्गत आर्थिक सहायता राशि प्रदान की गई। उनका निधन 23 नवंबर को हुआ। पोते मंगल ध्रुव को 2000 की सहायता राशि नगर पंचायत अध्यक्ष बलजीत छाबड़ा, मुख्य नगर पालिका अधिकारी यशवंत वर्मा, वार्ड पार्षद हरीश साहू, सभापति अश्विनी निषाद तथा जनप्रतिनिधि शंकरदेव, देवचरण ध्रुव, राजा पवार और नरेश पटेल द्वारा प्रदान की गई। इस आर्थिक सहयोग से परिवार को कठिन समय में संबल मिला। परिजनों ने नगर पंचायत नगरी एवं जनप्रतिनिधियों के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि यह सहायता उनके दुख के क्षणों में राहत प्रदान करने वाली साबित हुई है।

### प्रथम नियुक्ति तिथि से मिले समस्त लाभ



**जीजामगांव।** प्रदेश शिक्षक कल्याण संघ ने एक सूत्रीय मांग 1998-99 से नियुक्त शिक्षक संवर्ग को उनकी प्रथम नियुक्ति तिथि से सेवा गणना करना एवं समस्त लाभ देने का मांग पत्र रायपुर संभाग आयुक्त महादेव कावरे के माध्यम से मुख्य सचिव, शिक्षा सचिव, वित्त सचिव को ज्ञापन सौंपा। नारायण सोनी कार्यकारी प्रांताध्यक्ष प्रदेश शिक्षक कल्याण संघ के नेतृत्व में प्रांतीय सचिव नवीन चंद्राकर, घनश्याम देवांगन, जितेन्द्र साहू, कृष्ण कुमार वर्मा, फलेंद्र वर्मा, राजकुमार आंवले, कन्हैया साहू, श्यामलाल मन्नाडे, प्रीतचंदन गंगेले जिला अध्यक्ष धमतरी, सुरेश कुमार दीपक, उपेन्द्र साहू, लोमप्रकाश सोनवानी, खुमान सिंह ठाकुर शामिल हुए। शिक्षक संघ के नेताओं ने कहा कि पेंशन ही शासकीय सेवकों की वृद्धावस्था का एकमात्र सहारा है। हर हाल में प्रथम नियुक्ति तिथि से सेवा गणना कर पूर्ण पेंशन का लाभ शिक्षकों को मिलना चाहिए।

### सिरिन फेलोशिप पब्लिक स्कूल में लगा आनंद मेला



**जीजामगांव।** सिरिन फेलोशिप पब्लिक स्कूल बिरेझर में आनंद मेला का आयोजन हुआ। मुख्य अतिथि डॉ. नम्मूलाल साहू थे। अध्यक्षता प्राचार्या योगिता साहू ने की। विशिष्ट अतिथि श्रीमति लीलाबाई, दाऊलाल साहू, पुरानिक साहू, राधेश्याम यादव थे। इस अवसर पर डॉ नम्मूलाल साहू ने कहा कि बड़े बुजुर्ग बच्चों से ज्यादा प्यार करते हैं। हमें भी बच्चों के प्रति ऐसी भवना रखनी चाहिये। प्राचार्या योगिता साहू ने कहा कि इस कार्यक्रम का उद्देश्य बच्चों की शैक्षणिक गतिविधियों के साथ अन्य क्षेत्रों में भी उनकी रुचि को बढ़ाना है। बच्चों ने विभिन्न पकवानों के स्टॉल लगाए थे। उत्साहवर्धन के लिए प्राचार्य योगिता साहू सचिव उदय गंगोई, खेमचंद गंजीर, राधेश्याम यादव ने बच्चों को कॉपी, पेंसिल दी। कार्यक्रम में शिक्षिका दुर्गा यादव, ऐश्वर्या, चंद्रलता, मुकेश्वरी, लीलेश्वरी, विनीता , डामेश्वरी, डिगेश, ज्योति का योगदान रहा।

## खबर संक्षेप

### संविधान दिवस पर मितानिनों का सम्मान

**नगरी।** ग्राम पंचायत नवागांव में बाबा भीमराव अंबेडकर के छायाचित्र के सम्मुख दीप प्रज्वलित कर संविधान दिवस मनाया गया। इस दौरान पूर्व ग्राम सभा अध्यक्ष एवं मितानिन दीदियों को शाल, श्रीफल भेंटकर सम्मान किया गया। इस अवसर पर सरपंच कमलेश्वरी नेताम, सचिव प्रमोद महिलांगे, उपसरपंच गणेश साहू समेत पंचायत पदाधिकारी एवं ग्रामीणजन उपस्थित थे।

## निधन

### नारायणदास मानिकपुरी

**सिर्री।** ग्राम भाठागांव निवासी नारायणदास मानिकपुरी 55 वर्ष का



आकस्मिक निधन 24 नवंबर को हो गया। उनका अंतिम संस्कार गांव के मुक्तिधाम में किया गया। उनको श्रद्धांजलि अर्पित करने परिजन, समाजजन, ग्रामीणजन शामिल हुए।

**न्यायालय तहसीलदार नजूल जांच धमतरी (छ.ग.)**

**// ईश्तहार //**

राजस्व मामला क्र./202511130300021/ अ/20(1) वर्ष 2025-26

एतद् द्वारा सर्वसाधारण आम जनता को सूचनार्थ प्रकाशित किया जाता है कि आवेदक रामगुलाल पिता मयाराम साहू निवासी मौरीकला वार्ड धमतरी के मोहल्ला दानीटोला वार्ड स्थित धारित भूमि शीट क्र. 59B भूखंड क्र. 2/3 क्षेत्रफल 101.00 व.मी. वार्षिक भू-भाटक 36.87 रू. पट्टा समाप्ति तिथि 31.03.2014 जो नजूल संधारण खसरा वर्ष 2025-26 के अनुसार रामगुलाल पिता मयाराम साहू के नाम पर दर्ज व स्थित है, का नवीनीकरण आगामी 30 वर्ष की अवधि के लिये किये जाने आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है, जो इस न्यायालय में जांच प्रतिवेदन हेतु विचाराधीन है।

अतएव उक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति/ संस्था अथवा शासकीय अर्द्धशासकीय विभाग तथा अन्य संबंधितों को कोई आपत्ति या दावा प्रस्तुत करना हो तो स्वयं या अपने अधिवक्ता के माध्यम से इस न्यायालय में पेशी दिनांक 08/12/2025 तक या इसके पूर्व किसी भी दिन न्यायालयीन समय में उपस्थित होकर लिखित में अपना आपत्ति या दावा प्रस्तुत कर सकते हैं। नियत दिनांक पश्चात प्राप्त दावा-आपत्ति पर किसी भी प्रकार की सुनवाई नहीं की जायेगी।

आज दिनांक 14/11/2025 को न्यायालयीन पदमुद्रा एवं मेरे हस्ताक्षर से जारी किया गया।

आगामी सुनवाई दिनांक 08/12/2025

तहसीलदार
नजूल जांच धमतरी

**न्यायालय श्रीमान नायब तहसीलदार भखारा, जिला धमतरी (छ.ग.)**

**// ईश्तहार //**

एतद् द्वारा सर्व साधारण आम जनता को सूचित किया जाता है कि यह कि आवेदक सोमेश कुमार पिता अश्वनी कुमार उम्र 30 वर्ष जाति तेली निवासी ग्राम सिलौटी तहसील भखारा जिला धमतरी का निवासी है। आवेदक सोमेश कुमार जिसका जन्म दिनांक 25/12/1995 को हुई है तथा आवेदक अज्ञानतावश जन्म की सूचना कोतवाली पंजी/ग्राम पंचायत सिलौटी में दर्ज नहीं करवा पाया था जिस संबंध में न्यायालय नायब तहसीलदार भखारा के समक्ष आवेदन प्रस्तुत किया है। उक्त संबंध में किसी व्यक्ति, संस्था या समूह या ग्रामवासी को आपत्ति हो तो दिनांक 03/12/25 तक न्यायालय श्रीमान नायब तहसीलदार भखारा के समक्ष अपना दावा आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं। तथा म्याद की समाप्ति पश्चात दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा ।

आज दिनांक 21/11/25 को न्यायालयीन पद मुद्रा द्वारा जारी किया गया।

नायब तहसीलदार
भखारा

# जलाशय की मजबूती एवं सुरक्षा आवश्यक : अंबिका





- विधायक ने किया मरम्मत कार्य का निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭ मगरलोड

ब्लॉक के राजाडेरा जलाशय के तटबंध टूटने की घटना ने क्षेत्र में चिंता की लकीर खींच दी है। इसे लगभग 15 वर्ष पूर्व 15 करोड़ की लागत से बनाया गया था। इसकी कुल जलभराव क्षमता लगभग 7.43 एमसीएम है।

टूटने का प्रमुख कारण यह बताया गया है कि बांध की संरचना में समय-समय पर रिसाव और क्षरण था। निर्माण में गुणवत्ता की कमी थी। मरम्मत कार्य कमजोर हिस्सों की मजबूती सुनिश्चित करने के लिए चल रहा है।

सिहावा विधायक अंबिका मरकाम ने राजाडेरा जलाशय का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने मरम्मत कार्य की प्रगति, उसमें इस्तेमाल हो रही निर्माण सामग्री और तकनीकी मापदंडों की समीक्षा की। यह सुनिश्चित करने के निर्देश दिए कि बांध को भविष्य दृष्टि से टिकाऊ और मज़बूत बनाया जाए। जलाशय की सुरक्षा के लिए विभाग की सतत निगरानी आवश्यक है। विधायक ने ग्रामीणों को भरोसा दिलाया कि जल संसाधन विभाग, स्थानीय प्रशासन और उच्च स्तरीय अधिकारियों के साथ समन्वय बढ़ाया जाएगा ताकि मरम्मत के काम में मजबूती हो।

निरीक्षण के दौरान लाला यादव सरपंच, खिलावन यादव, दूजराम ध्रुव, करण ध्रुव पूर्व सरपंच, चंदन बाफना विधायक प्रतिनिधि, राजेश साहू पूर्व ब्लॉक अध्यक्ष, बिसहत साहू समेत अन्य मौजूद थे।

### नपं भखारा में विकास कार्य के लिए 150 लाख स्वीकृत





हरिभूमि न्यूज ⏭ अंवरी

कुरुद विधायक अजय चंद्राकर के प्रयास से नगर पंचायत भखारा के विकास के लिए वित्तीय वर्ष 2025-26 में अधोसंरचना मद से 150 लाख की स्वीकृति मिली है। अध्यक्ष श्रीमती ज्योति जैन ने कहा कि नगर पंचायत भखारा के विकास की गति को आगे बढ़ाने के उद्देश्य से अजय चंद्राकर ने 150 लाख के विभिन्न विकास कार्यों की स्वीकृति कराई है।

# रामलला दर्शन के लिए श्रद्धालुओं का जत्था रवाना



- चार दिवसीय पवित्र यात्रा में करेंगे अयोध्या, काशी और अन्य तीर्थ स्थलों के दर्शन

हरिभूमि न्यूज ⏭ नगरी

जनपद पंचायत नगरी एवं नगर पंचायत के संयुक्त तत्वावधान में रामलला दर्शन हेतु श्रद्धालुओं का जत्था नगरी से रवाना किया गया। कुल 31 रामभक्तों की यह टोली बस द्वारा नगरी से रायपुर के लिए प्रस्थान हुई। रायपुर से सभी श्रद्धालु मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की पहल पर चलाई गई विशेष तीर्थयात्रा ट्रेन में शामिल होकर अयोध्या धाम पहुंचेंगे और मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्री रामलला के भव्य दर्शन करेंगे।

इस चार दिवसीय धार्मिक यात्रा में श्रद्धालु न केवल अयोध्या राम मंदिर की दिव्य अनुभूति प्राप्त करेंगे, बल्कि काशी विश्वनाथ मंदिर, हनुमान मंदिर तथा अन्य महत्वपूर्ण आध्यात्मिक स्थलों के भी दर्शन करने का सौभाग्य पाएंगे। जत्था 30 को नगरी लौटेगा।

इस दौरान जनपद पंचायत अध्यक्ष महेश कोटा, नगर पंचायत नगरी अध्यक्ष बलजीत छाबड़ा, जनपद उपाध्यक्ष हृदय साहू, पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष नागेंद्र शुक्ला, कमल डागा, पूर्व मंडल अध्यक्ष मोहन नाहटा, पूर्व सरपंच महेंद्र नेम, पार्षद चेलेश्वरी साहू, जयंती टुकेश्वरी साहू, सभापति अश्वनी निषाद, राजा पवार, यशकरण पटेल, लखन साहू, मोतीलाल दिवाकर सहित अन्य सामाजिक व राजनीतिक पदाधिकारी मौजूद रहे।

# 2026 तक अधिक से अधिक परिवारों तक पहुंचने का संकल्प

- समाज के प्रत्येक वर्ग को संगठन की गतिविधियों की दी जा रही जानकारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ नगरी



राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) अपनी स्थापना के 100 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर वर्ष 2026 को लक्ष्य बनाकर देशव्यापी जनसंपर्क अभियान चला रहा है। इसी क्रम में स्थानीय स्तर पर भी स्वयंसेवक व्यापक संपर्क कार्यक्रम के माध्यम से अधिक से अधिक परिवारों तक पहुंचकर संवाद स्थापित कर रहे हैं। अभियान का उद्देश्य समाज के प्रत्येक वर्ग तक संगठन की गतिविधियों, राष्ट्रहित में किए जा रहे कार्यों और सामाजिक समरसता के संदेश को पहुंचाना है।

स्वयंसेवकों द्वारा घर-घर जाकर परिवारों से मुलाकात की जा रही है, जिसमें संघ साहित्य का वितरण, संगठन की योजनाओं की जानकारी तथा सहयोग का अनुरोध शामिल है। शताब्दी वर्ष को ध्यान में रखते हुए आरएसएस ने पांच प्रमुख विषय सामाजिक समरसता, पर्यावरण संरक्षण, कुटुम्ब प्रबोधन, स्व आधारित जीवन और नागरिक कर्तव्यबोध पर विशेष जन-जागरण चलाने का निर्णय लिया है। कार्यक्रम में रूपेंद्र कुमार साहू, रेखा साहू, मनीष साहू, देवेंद्र साहू, सौरभ नाग, निखिल नेताम सहित बड़ी संख्या में स्वयंसेवक उपस्थित रहे। इस दौरान रूपेंद्र साहू ने कहा कि संघ के स्वयंसेवक निरंतर समाज परिवर्तन और समस्याओं के समाधान के लिए सक्रिय रहते हैं, लेकिन शताब्दी वर्ष को अवसर मानकर पंच परिवर्तन के माध्यम से सज्जन शक्ति को जोड़कर घर-घर पहुंचने का विशेष अभियान चलाया जा रहा है। उन्होंने बताया कि इन पांच विषयों पर समाज को जागरूक कर व्यापक सहभागिता सुनिश्चित करना ही इस पहल का मुख्य उद्देश्य

## बैठक में ब्लॉक प्रभारी, मास्टर ट्रेनर ने एसआईआर पर कार्यकर्ताओं को दिए टिप्स

# किसी भी नागरिक का अधिकार प्रभावित न हो

हरिभूमि न्यूज ⏭ नगरी



ब्लॉक कांग्रेस कमेटी बेलरगांव की महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता ब्लॉक कांग्रेस कमेटी बेलरगांव के अध्यक्ष कैलाश नाथ प्रजापति ने की। पूर्व विधायक व ब्लॉक प्रभारी डॉ. लक्ष्मी ध्रुव भी विशेष रूप से मौजूद रहीं।

बैठक में एसआईआर (विशेष गहन पुनरीक्षण) कार्य की प्रगति, मतदाता सूची संशोधन की प्रक्रिया एवं आवश्यक तैयारियों को लेकर चर्चा की गई। ब्लॉक प्रभारी डॉ. लक्ष्मी ध्रुव तथा मास्टर ट्रेनर पेमन स्वर्णबेर ने कार्यकर्ताओं को एसआईआर से संबंधित सभी तकनीकी और प्रक्रिया संबंधी बिंदुओं पर प्रशिक्षण दिया।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए पूर्व विधायक श्रीमती ध्रुव ने कहा कि मतदाता सूची का सही और समय पर पुनरीक्षण लोकतांत्रिक व्यवस्था की मजबूती का आधार है। हमारे प्रत्येक कार्यकर्ता का दायित्व है कि क्षेत्र के सभी पात्र मतदाताओं के नाम मतदाता सूची में सम्मिलित हों। किसी भी नागरिक का अधिकार प्रभावित न हो, इसके लिए हमें सतर्कता, संवेदनशीलता और पूरी प्रतिबद्धता से कार्य करना होगा। कैलाश नाथ प्रजापति ने कहा कि एसआईआर प्रक्रिया को पूरी ईमानदारी से पूरा किया जाए और किसी भी पात्र मतदाता का नाम सूची से छूटने न पाए।

इस अवसर पर दौवालाल देवांगन, पूर्व जिला पंचायत सदस्य मनोज साक्षी, पूर्व विधायक प्रतिनिधि अख्तर खान, पूर्व सरपंच संघ अध्यक्ष राजू सोम, राजेंद्र ठाकुर, बल्लू पटेल, सोनाराम मरकाम, जनपद सदस्य शिवराज, श्रीमती नंदिनी साहू, आसकरण पटेल, अमृतलाल नाग सरपंच, चूड़ामणि सोम सहित अनेक कार्यकर्ता शामिल थे। सभी कार्यकर्ताओं ने एसआईआर प्रक्रिया को सुचारु रूप से पूर्ण कराने का संकल्प लिया।

## अंचल की खबरें

### कलेक्टोरेट में दिलाई गई भारत के संविधान की शपथ



**धमतरी।** भारत के संविधान को 26 नवंबर 1949 को अंगीकृत किया गया। यह एक ऐतिहासिक दिन था और इसी दिन को संविधान दिवस के रूप में मनाया जाता है। इस अवसर पर कलेक्टोरेट में कलेक्टर अबिनाश मिश्रा द्वारा अधिकारी, कर्मचारियों को भारत के संविधान की शपथ दिलाई गई।

### बाजार कुर्रीडीह स्कूल में संविधान दिवस मना



**धमतरी।** शासकीय हाईस्कूल बाजार कुर्रीडीह में संविधान दिवस मनाया गया। व्याख्याता डॉ. आशीष नायक ने संविधान की प्रस्तावना का वाचन किया। उन्होंने विद्यार्थियों को बताया कि भारत का संविधान 26 नवंबर 1949 को अंगीकृत किया गया था। इस दिन को हम संविधान दिवस के रूप में मनाते हैं। विद्यार्थियों को संविधान से परिचित कराने एवं उन्हें अपने अधिकारों व कर्तव्यों के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से संविधान की प्रस्तावना का वाचन कराया गया। संस्था प्रमुख अभयराम ध्रुव ने भी अपने विचार रखे। मौके पर चुम्मन साहू ,कमलेश कुमार निषाद, शिवकुमारी नेताम , खेमिन नागवंशी, भगतराम मंडावी, भागीरथी समेत छात्र-छात्राएं उपस्थित थे ।

### लीलर में किसानों को बीज वितरित



**धमतरी।** ग्राम पंचायत लीलर में फसल चक्र को बढ़ावा देने और किसानों को अधिक उत्पादन के लिए कृषि विभाग द्वारा बीज वितरण कार्यक्रम हुआ। किसानों को सरसों, गेहूं और चना के उच्च गुणवत्ता वाले बीज वितरित किए गए। इस अवसर पर जनपद अध्यक्ष अंगिरा ध्रुव ने कहा कि यह पहल किसानों को विविधता और बेहतर फसल चक्र अपनाने के लिए प्रेरित करेगी, जिससे उनकी उत्पादन क्षमता बढ़ेगी और वे अधिक लाभ कमा सकेंगे। सरसों, गेहूं और चना जैसी फसलों को मिलाकर किसानों को फसल चक्र अपनाने में मदद मिलेगी, जिससे मृदा की गुणवत्ता बेहतर होगी और किसानों के लिए आय के स्त्रोतों में वृद्धि होगी। कार्यक्रम में सरपंच हेमंत नेताम, उपसरपंच दीपक सिन्हा, भाजपा युवा मोर्चा महामंत्री धर्मराज सिन्हा, देवचरण सिन्हा, सूर्या नेताम, पूर्व जनपद सदस्य, चित्रसेन सिन्हा, कृषि विकास अधिकारी हिरेंद्र साहू समेत अनेक किसान उपस्थित थे।

### अंबेडकर चौक में महापौर ने नागरिकों को दिलाई संविधान की शपथ



**धमतरी।** संविधान दिवस पर अंबेडकर चौक में आयोजित कार्यक्रम में महापौर रामू रोहरा ने डॉ. भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा के समक्ष जनप्रतिनिधियों और नागरिकों को संविधान की शपथ दिलाई। अंबेडकर चौक में डॉ. भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की गई। इस अवसर पर महापौर ने कहा कि भारत का संविधान देश की लोकतांत्रिक व्यवस्था की नींव है और डॉ. अंबेडकर ने इसे अत्यंत सूझबूझ, व्यापक दृष्टि और समाज के हर वर्ग को ध्यान में रखते हुए तैयार किया था। उन्होंने नागरिकों से संविधान में निहित समानता, न्याय और बंधुत्व के मूल्यों को दैनिक जीवन में अपनाने की अपील की। कार्यक्रम के दौरान संविधान की शपथ दिलाई गई। मौके पर अंगिरा ध्रुव मोनिका देवांगन, विजय साहू, मेघराज ठाकुर, अखिलेश सोनकर, अज्जू देशलहरे, कुलेश सोनी, पिंटू यादव, शिवदत उपाध्याय, ईश्वर सोनकर, गजेंद्र कंवर उपस्थित थे।

### सभापति ने शहर में चल रहे एसआईआर शिविर का लिया जायजा



**धमतरी।** नगर निगम की सभापति कौशिल्या देवांगन ने मंगलवार को विशेष गहन मतदाता सूची पुनरीक्षण (एसआईआर) के तहत शहर में चल रहे शिविरों का निरीक्षण किया। उन्होंने डाकबंगला वार्ड, जोधापुर एवं सोरिद वार्ड में पहुंचकर शिविरों का जायजा लिया और कार्य की प्रगति की विस्तृत जानकारी प्राप्त की। निरीक्षण के दौरान सभापति ने बूथ लेवल अधिकारियोंएवं ऑपरेटरों, मितानिनों से फॉर्म भरने, दस्तावेजों के सत्यापन एवं ऑनलाइन प्रविष्टि से संबंधित कार्यों की जानकारी ली। उन्होंने सभी संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि वे मतदाता सूची में नाम जोड़ने, हटाने एवं सुधार करने की प्रक्रिया को पारदर्शी, सरल और समयबद्ध तरीके से पूरा करें, ताकि किसी भी पात्र नागरिक का नाम सूची से न छूटे। सभापति कौशल्या देवांगन ने शिविर स्थल पर पहुंचे स्थानीय नागरिकों से भी बातचीत की और उनकी समस्याओं एवं सुझावों को सुना। उन्होंने आश्वासन दिया कि निगम प्रशासन द्वारा एसआईआर प्रक्रिया को सफल बनाने के लिए सभी आवश्यक सहयोग प्रदान किया जाएगा।

### खरेंगा में लगा पशु चिकित्सा शिविर

**धमतरी।** ग्राम खरेंगा में निःशुल्क पशु चिकित्सा शिविर आयोजित किया गया। शिविर में पशुओं का उपचार व औषधि का वितरण किया गया। राष्ट्रीय सेवा योजना एवं पशुधन विकास विभाग द्वारा रविवार को ग्राम खरेंगा में निःशुल्क पशु चिकित्सा शिविर लगाया गया जिसमें गांव के 28 पशुओं का उपचार, 48 पशुओं के लिए औषधि वितरण, 56 पशुओं को कृमिनाशक दवाई, 16 पशुओं को किलनीनाशक पावडर एवं 14 पशुओं का बधियाकरण किया गया।

किसानों व महिला समूहों को डिजिटल कृषि तकनीक का व्यवहारिक प्रशिक्षण दिया गया

# कृषि मोबाइल एप्लीकेशन से फसल प्रबंधन पर निर्णय लेने में मिलेगी मदद

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी



कुरूद विकासखंड स्थित कृषि महाविद्यालय एवं अनुसंधान केंद्र (आईजीकेवी) द्वारा ग्रामीण कृषि कार्य अनुभव एवं ग्रामीण उद्यमिता जागरूकता विकास योजना कार्यक्रम अंतर्गत ग्राम बानगर में किसानों तथा स्थानीय महिला स्व सहायता समूहों के लिए कृषि मोबाइल एप्लीकेशनों का व्यवहारिक प्रशिक्षण एवं प्रदर्शन आयोजित किया गया। बीएससी कृषि (ऑनर्स) चतुर्थ वर्ष के विद्यार्थियों ने ग्रामीण समुदाय को आधुनिक डिजिटल कृषि तकनीकों से जोड़ने की दिशा में यह सराहनीय पहल की।

प्रशिक्षण के माध्यम से प्रतिभागियों को मोबाइल आधारित कृषि सलाह, मौसम पूर्वानुमान, प्राकृतिक आपदा चेतावनी, फसल रोग कीट पहचान, बाजार भाव एवं मूल्य तुलना जैसे कई महत्वपूर्ण विषयों की जानकारी सहज एवं सरल तरीके से प्रदान की गई।

कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों ने तीन प्रमुख मोबाइल एप्लीकेशन प्लॉटिक्स ऐप, कृषि मंडी ऐप और दामिनी ऐप का लाइव प्रदर्शन किया। प्लॉटिक्स ऐप के माध्यम से फसल रोग कीट की पहचान, पोषक तत्वों की कमी, उपचार एवं प्रबंधन उपायों की जानकारी दी गई।

कृषि मंडी ऐप के प्रयोग से दैनिक बाजार भाव, नजदीकी मंडियों की मूल्य तुलना और सही विक्रय समय का चयन करने के तरीके बताए गए, जिससे किसानों की आय बढ़ाने में मदद मिल सके। वहीं दामिनी ऐप से आकाशीय बिजली की चेतावनी, सुरक्षा उपाय एवं मौसम जोखिम प्रबंधन की जानकारी प्रतिभागियों को दी गई। यह प्रशिक्षण कार्यक्रम डॉ. नवनीत राणा अधिष्ठाता कृषि महाविद्यालय एवं अनुसंधान केंद्र कुरूद के मार्गदर्शन में संचालित हुआ। कार्यक्रम का संचालन डॉ. भूमिका, कार्यक्रम समन्वयक एवं प्रभारी द्वारा किया गया। विषय विशेषज्ञ डॉ. युवराज ध्रुव का तकनीकी सहयोग रहा। किसानों और महिला समूह की सदस्यों ने बताया कि यह प्रशिक्षण अत्यंत उपयोगी सिद्ध हुआ। प्रतिभागियों ने कहा कि पहली बार उन्हें कृषि मोबाइल एप्लीकेशन का इतना सरल, स्पष्ट और व्यवहारिक प्रदर्शन देखने मिला, जिससे अब वे डिजिटल तकनीक का उपयोग कर अपनी कृषि गतिविधियों को और अधिक प्रभावी बना सकेंगे।

## शिक्षार्थियों को मौलिक अधिकारों की दी जानकारी



■ संविधान दिवस पर आजीविका महाविद्यालय में साक्षरता शिविर लगा

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

संविधान दिवस के अवसर पर रामकुमार तिवारी प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश एवं पदेन अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण धमतरी के मार्गदर्शन में विभिन्न संस्थाओं में विधिक साक्षरता शिविर का आयोजन किया गया। इसी तारतम्य में मोहनसिंह कोर्राम जिला एवं अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश धमतरी द्वारा आजीविका महाविद्यालय धमतरी में साक्षरता शिविर का आयोजन किया गया।

शिविर में शिक्षार्थियों को भारतीय संविधान द्वारा प्रदत्त मौलिक अधिकार एवं मूलभूत कर्तव्यों की जानकारी दी गयी।

श्रमिक कानूनों, मोटरयान अधिनियम, महिलाओं से संबंधित कानून एवं दैनिक उपयोगी अनेक कानूनों की मुख्य बातें बताई गई। कार्यक्रम में प्रशिक्षक टीकम किरण, रोशन साहू, भीखम सिन्हा, लीलाधर साहू समेत छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।

जिला एवं अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश श्रीमती अर्चना भास्कर ने एग्जेक्ट फाउंडेशन संस्था, दिव्यांग प्रशिक्षण केन्द्र में संविधान परिचर्चा में भाग लेकर संविधान की प्रस्तावना का वाचन कराया और विभिन्न कानूनी पहलुओं की जानकारी दी।

## बैंकों को सीडी रेशियो में सुधार करने दिए निर्देश

कलेक्टर की अध्यक्षता में हुई डीएलसीसी की बैठक

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

कलेक्टर अबिनाश मिश्रा की अध्यक्षता में कलेक्टोरेट सभाकक्ष में जिला स्तरीय परामर्शदात्री समिति की तिमाही समीक्षा बैठक हुई। बैठक में जिले में संचालित सभी शासकीय योजनाओं की शाखावार 30 सितंबर 2025 तक की उपलब्धियों की समीक्षा की गई।

बैठक में किसान क्रेडिट कार्ड (पशुपालन एवं मत्स्य पालन) से संबंधित प्रकरणों की स्वीकृति, अस्वीकृति एवं प्रस्तुति, वित्तीय सेवाओं की उपलब्धता, जनसुरक्षा एवं सामाजिक सुरक्षा योजनाओं की प्रगति, आधार सीडिंग, एनआरएलएम के 2025-26 हेतु निर्धारित लक्ष्यों और उनकी प्रगति की समीक्षा की गई। कलेक्टर श्री मिश्रा ने प्रधानमंत्री सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना के ऋण प्रकरणों की जानकारी लेते हुए सभी बैंकों को इन प्रकरणों को सर्वोच्च प्राथमिकता के आधार पर शीघ्र स्वीकृत करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि प्राइवेट सेक्टर ऋण वितरण में केवल कृषि ही नहीं, बल्कि उद्यानिकी, मत्स्य पालन तथा पशुपालन से जुड़े प्रकरणों पर भी विशेष ध्यान दिया जाए। सभी बैंक शासकीय योजनाओं से संबंधित ऋण प्रकरणों को प्राथमिकता से स्वीकृत करें तथा अस्वीकृति के कारणों की गंभीरता से समीक्षा करें। साथ ही बैंकों को अपने सीडी रेशियो में सुधार करने के भी निर्देश दिए।

बैठक में जिले में कार्यरत विभिन्न बैंकों की सितंबर 2025 की तिमाही प्रगति, ऋण जमा अनुपात, शासकीय योजनाओं की स्थिति तथा राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन अंतर्गत बैंक लिंकेज की विस्तार से समीक्षा की गई। कलेक्टर ने अंत्यावसायी एवं आदिवासी स्वरोजगार योजना, प्रधानमंत्री मुद्रा योजना तथा प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना के हितग्राहियों को उनकी वास्तविक आवश्यकता के अनुरूप ऋण उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। किसान क्रेडिट कार्ड योजना के तहत पशुपालन एवं मत्स्य पालन से जुड़े किसानों को भी समय पर ऋण स्वीकृति सुनिश्चित करने को कहा। बैठक में वार्षिक साख योजना 2024-25 की प्रगति तथा वार्षिक साख योजना 2025-26 के अनुमोदन एवं कृषि अवसंरचना निधि पर भी चर्चा की गई। बैठक में लीड बैंक अधिकारी इन्द्र कुमार टिलवानी सहित विभिन्न बैंक शाखाओं के प्रबंधक एवं विभागीय अधिकारी उपस्थित थे।

## बच्चों को पढ़ाई के साथ अध्यात्म से भी जोड़ें



हरिभूमि न्यूज ▶▶जीजामगांव

सिरीन फेलोशिप पब्लिक स्कूल बिरेझर में मेगा पालक एवं शिक्षक सम्मेलन का अयोजन किया गया। मुख्य अतिथि खेमचंद जंजीर डॉ. नम्मूलाल साहू थे। अध्यक्षता प्राचार्य योगिता साहू ने की। सम्मेलन में बच्चों का मानसिक स्वास्थ्य, परीक्षा तनाव प्रबंधन, बच्चों का स्तर एवं कक्षागत आकलन, शिक्षक एवं पालक के मध्य समन्वय, बेहतर शिक्षा के लिए सुझाव, बच्चों की दिनचर्या, बच्चों के अध्यापन में आने वाली समस्या, अनुपस्थित बच्चों को स्कूल लाने के लिए प्रयास करने पर चर्चा की गई। नम्मूलाल साहू ने कहा कि बच्चों को पढ़ाई के साथ- साथ अध्यात्म की ओर भी जोड़े। बच्चों को एक्टिविटी के माध्यम से पढ़ाया जाये । शिवकुमार पात्रे, खेमचंद जंजीर ने कहा कि बच्चों के विचार अभिव्यक्ति को बढ़ाया जाये जिससे बच्चे का डर दूर हो। प्राचार्या योगिता साहू ने कहा कि बच्चो को रटवाने पर ध्यान केंद्रित नहीं किया जाना चाहिये। उसके स्थान पर बच्चों की पढ़ाई इमेजिनेशन (कल्पना) के माध्यम से की जाए। मौके पर जागेश्वर साहू, बिसाल साहू, पन्नालाल साहू, भागो, नेहा, श्रवण, खिलावन यादव, गोपालशरण साहू, लुकेश्वर, सेवाराम, गीता विश्कर्मा, लेखनी, लक्ष्मी एवं शिक्षिकाएं दुर्गा, ऐश्वर्या, चंद्रलता, मुकेश्वरी, विनीता, लीलेश्वरी, डामेश्वरी, डिगेश उपस्थित थी।

## सरकारी सेवाओं ने बढ़ाया किसानों का भरोसा

■ धान खरीदी केंद्रों में सुचारू व्यवस्था से किसानों के चेहरे खिले

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी



जिले में समर्थन मूल्य पर धान खरीदी ने इस वर्ष सुचारू व्यवस्था और बेहतर प्रबंधन के साथ रफ्तार पकड़ ली है। सरकार द्वारा किए गए प्रबंधों और समितियों द्वारा अपनाई गई पारदर्शी व्यवस्था का परिणाम है कि किसान अब निर्बाध रूप से अपने धान की बिक्री के लिए केंद्रों तक पहुंच रहे हैं। जिले में 24 नवम्बर तक 9332 किसानों से लगभग 4.50 लाख क्विंटल धान की खरीदी हो चुकी है।

भटगांव के किसान चमन साहू अपनी 4.5 एकड़ जमीन में मेहनत से धान की फसल तैयार की और धान बेचने के लिए भटगांव धान उपार्जन केंद्र पहुंचे। विशेष बात यह रही कि उन्होंने टोकन तुंहर द्वार मोबाइल ऐप का उपयोग कर आसानी से ऑनलाइन टोकन प्राप्त किया और सीधे अपने धान के साथ केंद्र में पहुँचे।

किसान चमन साहू बताते हैं कि इस वर्ष केंद्र में किसी प्रकार की परेशानी नहीं आई। धान की तौलाई में पारदर्शिता, बारदाना की उपलब्धता तथा समिति कर्मचारियों का व्यवहार उन्हें अत्यंत संतोषजनक लगा। उन्होंने कुल 90 क्विंटल धान की विक्री की। बैंक खाते में राशि मिलने के बाद वे सबसे पहले खाद-बीज एवं खेती संबंधी लिए गए ऋण की अदायगी करेंगे, और शेष राशि परिवार के खर्च व अगली फसल की तैयारी में उपयोग करेंगे। धान खरीदी केंद्रों में इस वर्ष पीने के पानी, बैठने की व्यवस्था, छाया, शौचालय एवं सुरक्षा प्रबंध जैसी सुविधाओं को विशेष रूप से सुधारा गया है। साथ ही किसानों की सुविधा के लिए समिति कर्मचारी सहयोगपूर्ण व्यवहार कर आवश्यक मार्गदर्शन भी दे रहे हैं। डिजिटल टोकन व्यवस्था से भीड़ कम हुई है और खरीदी प्रक्रिया तेज व पारदर्शी बनी है।

## लालबगीचा वार्ड में एसआईआर जागरूकता अभियान तेज



■ महापौर ने पार्षद के साथ किया डोर-टू-डोर संपर्क

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

नगर निगम द्वारा संचालित विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) अभियान के तहत लालबगीचा वार्ड क्रमांक 03 में मतदाता जागरूकता कार्यक्रम को गति मिली। महापौर रामू रोहरा ने वार्ड की पार्षद हिमानी भागवत साहू के साथ घर-घर पहुंचकर नागरिकों से संपर्क किया और उन्हें मतदाता सूची में नाम जुड़वाने व संशोधन की प्रक्रिया की जानकारी दी।

महापौर ने वार्डवासियों से आग्रह किया कि वे अपने आवश्यक दस्तावेजों के साथ एसआईआर फॉर्म शीघ्रता से बीएलओ के पास जमा करें ताकि कोई भी पात्र नागरिक मताधिकार से वंचित न रहे। अभियान के दौरान जिन लोगों को फॉर्म भरने में कठिनाई हो रही थी, उनके घर पहुंचकर टीम ने स्वयं फॉर्म भरवाए और पूरी सहायता उपलब्ध कराई।

इस जनसंपर्क कार्यक्रम में भाजपा जिला महामंत्री महेंद्र पंडित, आमदी मंडल अध्यक्ष विनय जैन, मंडल महामंत्री कोमल देवांगन, वरिष्ठ कार्यकर्ता महेंद्र खंडेलवाल, धर्मेंद्र साहू, अविनाश दुबे, मिथिलेश सिन्हा, लखन पटेल, गणेश विश्वकर्मा, भागवत साहू, बिसन निषाद, विनय राजपूत सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद रहे।

अभियान को सफल बनाने में वार्ड की आंगनबाड़ी कार्यकर्ता दुर्गेश नंदिनी साहू, मितानिन वर्षा, गीता शर्मा, वार्ड कार्यकर्ता मोनिका यादव, मनीषा रात्रे, लक्की आजमानी और दुर्गा महिलंगे ने सराहनीय सहयोग प्रदान किया।

## सशिमं मड़ाईभाठा के छात्रों ने देखा अयोध्या ध्वजारोहण का सीधा प्रसारण



हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

सरस्वती शिशु मंदिर उच्च माध्यमिक विद्यालय मड़ाईभाठा में अयोध्या में भगवा ध्वज के ध्वजारोहण का सीधा प्रसारण उत्साहपूर्वक देखा गया। कार्यक्रम के दौरान विद्यालय परिवार के विद्यार्थियों ने अयोध्या से जुड़े इस ऐतिहासिक क्षण को बड़े भाव से अनुभव किया।

प्रसारण के समय अमन राव ने बताया कि अयोध्या का राज ध्वज और उस पर अंकित कोविदार वृक्ष सनातन संस्कृति की प्राचीन धरोहर है, जिसका उल्लेख वाल्मीकि रामायण के अयोध्या कांड में मिलता है। उन्होंने बताया कि भगवान राम के चित्रकूट प्रवास के दौरान कोविदार युक्त ध्वज वाली सेना के आने का वर्णन मिलता है, जिससे इस ध्वज का ऐतिहासिक महत्व स्पष्ट होता है।

श्री मुरारी यदु ने बताया कि कोविदार वृक्ष युक्त यह ध्वज रघुकुल की प्राचीन पहचान रहा है, जिसे समय के साथ भुला दिया गया था। चम्पादेवी ने कहा कि यह कोविदार युक्त विशाल ध्वज उसी के रथ पर फहरा रहा है। रीवा के इतिहासकार ललित मिश्रा द्वारा किए गए शोध के बाद इस ध्वज का महत्व फिर उजागर हुआ, जिसके आधार पर राम मंदिर ट्रस्ट ने अयोध्या में यही ध्वज फहराने का निर्णय लिया है। विद्यालय में आयोजित इस प्रसारण को जितेन्द्र साहू, राजकुमार, तोरण निर्मलकर, अंगेश सेन, रेणुका साहू, नेहा गायकवाड़, नेमीन साहू, धनेश्वरी साहू, लोचन साहू, होरीलाल सहित सभी छात्र-छात्राओं ने श्रद्धा के साथ देखा।

कलेक्टर ने की धान खरीदी, मतदाता पुनरीक्षण और विकास योजनाओं की समीक्षा

# अवैध धान भंडारण एवं परिवहन पर सख्ती से करें कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी



कलेक्टर अबिनाश मिश्रा की अध्यक्षता में कलेक्टोरेट के सभाकक्ष में समय-सीमा की बैठकहुई। बैठक में जिले में चल रहे विभिन्न महत्वपूर्ण कार्यों की समीक्षा की गई।

कलेक्टर ने चालू खरीफ विपणन वर्ष में समर्थन मूल्य पर धान खरीदी की प्रगति की जानकारी ली और संबंधित अधिकारियों को खरीदी व्यवस्था को और अधिक सुव्यवस्थित एवं पारदर्शी रखने के निर्देश दिए। उन्होंने अवैध धान भंडारण एवं परिवहन पर सख्ती से निगरानी रखने और आवश्यकतानुसार त्वरित कार्रवाई करने को कहा।

उन्होंने समिति स्तर पर नोडल अधिकारियों द्वारा टीओ, डीओ तथा अन्य प्रक्रियाओं के भौतिक सत्यापन पर विशेष जोर दिया। बैठक में बारदाना उपलब्धता की समीक्षा करते हुए आवश्यक संसाधनों की पूर्ति पर भी निर्देश दिए। सभी एसडीएम को रकबा समर्पण कार्य समयबद्ध रूप से पूर्ण करने तथा जिले की राइस मिलों का भौतिक सत्यापन कराने के निर्देश दिए।

मतदाता सूची विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण 2026 के प्रगति की समीक्षा करते हुए कलेक्टर ने एआरओ से कहा कि जहां एसआईआर प्रतिशत कम है, वहां तकनीकी दक्षता की आवश्यकता वाले क्षेत्रों की पहचान कर संबंधित बीएलओ को निपुणजनों का सहयोग उपलब्ध कराया जाए। बैठक में विभागवार पीएम आवास, छात्रावास, छात्रवृत्ति, कृषि, उद्यानिकी, महिला एवं बाल विकास आदि विभागों के कार्यों की समीक्षा की गई। कलेक्टर ने शिक्षा विभाग को अपार आईडी निर्माण कार्य में गति लाने के निर्देश भी दिए। बैठक में अपर कलेक्टर श्रीमती रीता यादव सहित सभी जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित थे।

### नपा अध्यक्ष ने किया मितानिनों का सम्मान

**कुरूद।** टीकाकरण, पोषण कार्यक्रम, गर्भवती महिलाओं की देखरेख, मातृ-शिशु स्वास्थ्य, कुपोषण मुक्ति अभियान तथा स्वास्थ्य परामर्श जैसे कई महत्वपूर्ण क्षेत्रों में लगातार सक्रिय होकर स्वास्थ्य जागरूकता की पहुंच हर घर तक पहुंचाने का कार्य करने वाली मितानिनों का राष्ट्रीय मितानिन दिवस पर नगर पालिका अध्यक्ष कुरुद ने सम्मानित किया। नगरपालिका कुरूद की ओर से अध्यक्ष श्रीमती चन्द्राकर ने मितानिनों को अपने निवास में आमंत्रित कर उनका मान बढ़ाया। शाल, श्रीफल और नगरपालिका द्वारा प्रशस्ति पत्र भेंट कर सभी को सम्मानित किया गया।

## खबर संक्षेप

### संविधान दिवस पर कार्यशाला आयोजित

**दुर्गुकोंदल।** विकासखंड दुर्गुकोंदल अंतर्गत को शाप्रामाशा नागहूर, संकुल तराईघोटिया में संविधान दिवस के अवसर पर महिला एवं लड़कियों के साथ होने वाले डिजिटलीय तथा समाजिक हिंसा के खिलाफ कार्यशाला आयोजित किया गया। कार्यक्रम में आईसीडीएस के सुपर वाईजर एलमा और निर्मला भास्कर ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए, महिलाओं और लड़कियों के खिलाफ होने वाले हिंसाओ के बारे में विस्तृत जानकारी दिया और साथ ही उसके निदान भी बताए। धन्नूराम पदमाकर ने संविधान के महत्व को बताया। इस अवसर पर स्वास्थ्य कार्यकर्ता गायत्री नेताम, ललित माँझी, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता कांति भास्कर, कमलबत्ती दीपक, प्रधानाध्यापक सीआर तारेन्द्र, समस्त स्टाप एवं विध्यार्थी उपस्थित रहे।

### फांसी लगाकर युवक ने की खुदकुशी

**कांकेर।** दुधावा चौकी अंतर्गत कोटलभट्ठी निवासी 32 वर्षीय अशोक नेताम ने प्लास्टीक रस्सी का फंदा बनाकर फंसी लगा लिया, जिससे उसकी मौत हो गई। संतोष कुमार नेताम ने पुलिस को बताया कि 24 नवंबर को मृतक ने अज्ञात कारणों के चलते अपने घर में म्यार में प्लास्टीक रस्सी से फंदा बनाकर फांसी पर झूल गया व उसकी मौत हो गई। पुलिस द्वारा मर्ग कायम कर विवेचना में लिया गया।

### गायब युवक का शव झाड़ियों से बरामद

**कांकेर।** ताड़ोकी थानांतर्गत ग्राम चिंगनार निवासी 18 वर्षीय धनेश्वर पोटाई 24 नवंबर को सुबह 8 बजें खेत में कारने के लिए जा रहा हूं कहकर घर से निकला था। युवक 25 नवंबर तक घर नही आया तो खोजबीन किया गया। पतासाजी के दौरान 25 नवंबर को सुबह 7 जें युवक का शव गांव के भर्री में झाड़ियों के पास मिला। युवक का मौत कैसे हुआ यह अभी पता नही चल पाया है। पुलिस द्वारा मर्ग कायम कर विवेचना में लिया गया।

### सांप काटने से हुई मौत, मर्ग कायम

**कांकेर।** भानुप्रतापपुर थानांतर्गत किनारी निवासी 34 वर्षीय मानकुराम गावड़े को सांप ने काट लिया। जहर पूरे शरीर में फैल जाने से उसकी मौत हो गई। किनारी निवासी 60 वर्षीय लक्ष्मण गावड़े ने पुलिस को बताया कि मृतक के अंगुठा को 24 नवंबर को सांप ने काट लिया था। इलाज के लिए सीएचसी भानुप्रतापपुर ले जाने के बाद परिजन युवक का छूट्टी कराकर घर ले गए। अगले दिन 25 नवंबर को उसका मौत हो गया। पुलिस द्वारा मर्ग कायम कर विवेचना में लिया गया।

### चुनरी का फंदा बना युवती ने दी जान

**कांकेर।** कोरर थानांतर्गत हाटकर्रा निवासी 19 वर्षीय माधुरी मंडावी ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर लिया। हाटकर्रा निवासी 42 वर्षीय पिता राम मंडावी ने पुलिस को बताया कि मृतिका ने 24 से 25 नवंबर के बीच अज्ञात कारणों के चलते चुनरी का फंदा बनाकर फांसी लगा ली, जिससे उसकी मौत हो गई। पुलिस द्वारा मर्ग कायम कर विवेचना में लिया गया।

अपेक्षाकृत कम प्रगति वाले बूथों का ईआरओ ने किया निरीक्षण, समस्याएं भी सुनी

# गुजरा क्षेत्र तथा नगरी ब्लॉक के छह वार्डों में प्रपत्रों की शत-प्रतिशत एंट्री

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी



भारत निर्वाचन आयोग नई दिल्ली के निर्देशानुसार पूरे छत्तीसगढ़ में संचालित मतदाता सूचियों के विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण-2026 कार्यक्रम के तहत धमतरी जिले में गणना प्रपत्रों का वितरण, उनसे भरे प्रपत्रों की प्राप्ति तथा एंट्री का कार्य बूथ लेवल अधिकारियों (बीएलओ) द्वारा सतत रूप से किया जा रहा है।

जिले में गुजरा क्षेत्र तथा नगरी विकासखंड के छह वार्डों में प्रपत्रों की एंट्री शत-प्रतिशत पूर्ण कर ली गई है। शेष क्षेत्र में भी एंट्री को पूर्णता की ओर तेजी से अग्रसर किया जा रहा है।

एसडीएम एवं निर्वाचन पंजीकरण अधिकारी (ईआरओ) पीयूष तिवारी ने उन बूथों का निरीक्षण किया, जहां प्रगति अपेक्षाकृत कम पाई गई। समीक्षा के दौरान उन्होंने धमतरी शहर के चार वार्डों रामपुर वार्ड, महिमासागर, नयापारा एवं हटकेशर वार्ड का स्थल निरीक्षण करते हुए फॉर्म संग्रहण एवं एंट्री कार्य को गति देने के निर्देश दिए। उन्होंने बीएलओ को स्पष्ट किया कि निर्धारित समय-सीमा के भीतर सभी लक्ष्यों को पूर्ण करना अनिवार्य है।

निरीक्षण के दौरान ईआरओ श्री तिवारी ने बीएलओ द्वारा बताई गई समस्याओं को गंभीरता से सुना तथा कई मुद्दों का स्थल पर ही समाधान किया। उन्होंने कहा कि कोई भी वैध मतदाता सूची से न छूटे तथा कोई भी अवैध नाम शामिल न हो। इसी उद्देश्य को ध्यान में रखते हुए सभी बूथ लेवल अधिकारी अपने दायित्वों का पूरी निष्ठा से निर्वहन करें और घर-घर पहुंचकर गणना प्रपत्र भरवाएं।

कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी अबिनाश मिश्रा भी लगातार पुनरीक्षण कार्यों की समीक्षा एवं निरीक्षण कर रहे हैं। उन्होंने बीएलओ को प्रोत्साहित करते हुए कहा है कि मतदाता सूची अद्यतन की यह प्रक्रिया लोकतांत्रिक व्यवस्था की बुनियाद है, अतः इसे पूरी गंभीरता एवं पारदर्शिता के साथ संपादित किया जाए।

## कीर्तिनारायण द्विवेदी को हरिभूमि परिवार ने दी भावभीनी श्रद्धांजलि



हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

हरिभूमि समाचार पत्र समूह के प्रधान संपादक डॉ. हिमांशु द्विवेदी के पिता कीर्तिनारायण द्विवेदी का 25 नवंबर मंगलवार को दुखद निधन हो गया। 26 नवंबर को ग्वालियर स्थित लक्ष्मीगंज मुक्तिधाम में उनका अंतिम संस्कार किया गया, जहां परिजनों, स्वजनों एवं परिचितों ने उन्हें नम आंखों से अंतिम विदाई दी।

कीर्तिनारायण द्विवेदी जी के निधन से हरिभूमि परिवार धमतरी में गहरा शोक व्याप्त है। धमतरी हरिभूमि ब्यूरो कार्यालय के सभी सदस्यों ने दो मिनट का मौन रखकर दिवंगत आत्मा की शांति एवं शोकाकुल परिवार को संबल प्रदान करने हेतु ईश्वर से प्रार्थना की।

इस अवसर पर हरिभूमि ब्यूरो कार्यालय के उमेश सिंह बशिष्ट, दीपनारायण शर्मा, दिलीप देवांगन, संतोष सोनकर, यशवंत साहू, चंद्रकांत साहू, उत्तम धीवर, श्रीकांत साहू, संजय सपहा, रवि सिंह राजपूत, नीलेश्वरी यादव आदि उपस्थित थे। हरिभूमि परिवार ने कहा कि कीर्तिनारायण द्विवेदी जी का आदर्श, संयम, सरल व्यक्तित्व एवं सेवा भावना सदैव प्रेरणास्त्रोत बनी रहेगी।

## पंजीयन एवं फसल रकबे में संशोधन का समय बढ़ा

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

■ अब 30 नवंबर तक होगा त्रुटि सुधार

एकीकृत किसान पोर्टल में पंजीयन तथा रकबे के संशोधन के लिए 30 नवंबर तक अतिरिक्त समय का आदेश जारी हो गया है।

कृषि विकास एवं किसान कल्याण तथा जैव प्रौद्योगिकी विभाग छत्तीसगढ़ शासन के अवर सचिव अमित कुमार सिंह ने 26 नवंबर को सचिव वन एवं जलवायु, सचिव राजस्व एवं आपदा, सचिव खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति, सचिव सहकारिता, संचालक कृषि विद्यानिकी, प्रबंध संचालक राज्य सहकारी बैंक, राज्य सहकारी विपणन संघ, एनआईए को पत्र जारी कर कहा है कि 18 नवंबर 2025 को एकीकृत किसान पोर्टल पंजीयन तथा पंजीकृत फसल रकबे में संशोधन की कार्रवाई के लिए 18 से 25 नवंबर तक अतिरिक्त समय का प्रावधान तहसील लॉगिन में करने का निर्देश जारी किया गया था।

25 नवंबर तक किए पंजीयन के प्रावधान को 30 नवंबर तक सभी समितियों में समिति लॉगिन में प्रावधान किया जा रहा है। उन्होंने इस मामले में सचिव, संचालक, प्रबंध संचालकों को अधीनस्थों को निर्देशित करने का पत्र जारी किया है।

## कुरूद कॉलेज की समस्याओं को लेकर छात्र संगठन ने आवाज बुलंद की

■ 683 छात्र-छात्राओं के हस्ताक्षरयुक्त ज्ञापन प्राचार्य को सौंपा

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

कुरूद कॉलेज की शैक्षणिक व बुनियादी समस्याओं को लेकर 26 नवंबर को एआईडीएसओ कुरूद कॉलेज कमेटी ने 683 छात्र-छात्राओं के हस्ताक्षरयुक्त ज्ञापन कॉलेज प्राचार्य डॉ. एके मिश्रा के माध्यम से पं. रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय रायपुर के कुलपति के नाम सौंपा। कॉलेज में पेयजल, वाशरूम, सफाई, पुस्तकालय, कक्षाओं और खेल सामग्री की कमी सहित कई मुद्दे छात्रों द्वारा उठाए गए।

प्राचार्य ने शुद्ध पेयजल व लाइट-पंखों की व्यवस्था पर तत्काल कार्यवाही की जानकारी देते हुए आश्वासन दिया कि दिसंबर माह में चार सफाई कर्मचारियों की भर्ती, खेल सामग्री की उपलब्धता, रीडिंग रूम की व्यवस्था तथा आईडी कार्ड का वितरण किया जाएगा। साथ ही गर्ल्स वाशरूम की सेनेटरी पैड मशीन को भी जल्द ठीक कराने की बात कही।

ज्ञापन में मुख्य मांगों में सभी विषयों में स्थायी प्रोफेसरों की भर्ती, 4 वर्षीय सेमेस्टर सिस्टम समाप्त करने, लड़कियों के लिए कॉमन रूम की व्यवस्था, वाशरूम की नियमित सफाई, पुस्तकालय में नए पाठ्यक्रमानुसार पुस्तकों की उपलब्धता, स्मार्ट क्लास व प्रोजेक्टर, वाटर प्यूरीफायर, निःशुल्क ऑनलाइन सेवा, साइकिल स्टैंड, सीसीटीवी कैमरे, बाउंड्रीवॉल निर्माण और महापुरुषों व क्रांतिकारियों की विचार प्रदर्शनी शामिल रही। छात्रों ने बताया कि गर्ल्स कॉमन रूम का कार्यालयीन उपयोग, वाशरूम की खराब स्थिति, पुस्तकालय में पुस्तकों की कमी, स्मार्ट क्लास की अनुपलब्धता और वाटर कूलर की सफाई न होने से उन्हें गंभीर समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है।

ज्ञापन सौंपने के दौरान सोमिन साहू, विनय यादव, कमलनारायण, चिंटू देवांगन, भाविका साहू, पंकज, प्रभा, खूबलाल, जन्मदेव, टिकेश्वर और फलेंद्र उपस्थित थे।

## एसआईआर से फर्जी मतदाताओं का होगा चिन्हांकन



■ भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष ने विभिन्न वार्डों में शिविरों का किया निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष रंजना साहू ने गोकुलपुर वार्ड, महात्मागांधी वार्ड, ब्राह्मणपारा में एसआईआर की प्रगति का निरीक्षण किया। उन्होंने बीएलओ, बीएलए 1 एवं बीएलए 2 से कार्य की प्रगति के बारे में जानकारी ली और समय-सीमा में त्रुटिरहित सत्यापन और शत प्रतिशत डिजिटाइजेशन करने में सहयोग करने की बात कही। श्रीमती साहू ने कहा कि यह कार्य सबसे महत्वपूर्ण है। इसकी जिम्मेदारी प्रशासन के साथ नागरिकों की भी उतनी ही है ताकि भविष्य में अगली पीढ़ी को तकलीफ न हो। इससे फर्जी मतदाताओं का चिन्हांकन होगा और स्वस्थ लोकतंत्र निर्माण में महत्वपूर्ण प्रयास सिद्ध होगा।

मौके पर भाजपा जिला कार्यालय मंत्री विजय साहू, मंडल अध्यक्ष पवन गजपाल, भाजयुमो जिला महामंत्री जय हिन्दूजा, पार्षदगण ईश्वर सोनकर, गजेंद्र कंवर, पूर्व पार्षद महेश साहू, पूर्व पार्षद शारदा साहू, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता सरस्वती मेश्राम, मितानिन मुक्तिरानी साहू, अभिषेक कंवर, दुर्गा साहू, योगेश साहू, गीताजंलि साहू उपस्थित थे।

## यूनिपोल ने बढ़ाई नगर निगम की आमदनी

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

■ सड़क सुरक्षा व शहर की सुंदरता में भी बड़ा इजाफा

शहर की सड़क सुरक्षा, सौंदर्य और राजस्व तीनों मोर्चों पर धमतरी नगर निगम ने बड़ा कदम उठाया है। नगर निगम ने शहर के अंदर नेशनल हाईवे के मिडिल डिवाइडर पर छह स्थानों पर यूनिपोल (यूनिफॉर्म साइनेंज सिस्टम) स्थापित कराया है, जिससे निगम की आय में उल्लेखनीय वृद्धि होने जा रही है। निगम प्रशासन के अनुसार इन यूनिपोल से नगर निगम को हर साल करीब 59 लाख रुपये की स्थायी आमदनी होगी, जो शहर के विकास कार्यों में वरदान साबित होगी।

नगर निगम उपायुक्त पीसी सार्वा ने बताया कि लंबे समय से शहर के अंदर एवं बाहर बिना अनुमति लगाए जा रहे होर्डिंग, फ्लेक्स, बैनर और पोस्टर न केवल शहर की सुंदरता बिगाड़ रहे थे बल्कि कई बार सड़क सुरक्षा के लिए भी खतरा उत्पन्न करते थे। ऐसे अवैध विज्ञापन माध्यमों को हटाने के लिए निगम ने विशेष अभियान चलाया और पूरे शहर से अवैध ढंग से लगाए गए सैकड़ों होर्डिंग व फ्लेक्स हटाए गए।

इनकी जगह अब रायपुर की एड एजेंसी के माध्यम से हाईवे मार्ग पर यूनिफॉर्म साइनेंज लगाए गए हैं, जो मानक डिज़ाइन, मजबूत ढांचा और सुरक्षा मानकों के अनुरूप बनाए गए हैं। अधिकारी ने बताया कि नई यूनिफॉर्म प्रणाली हाईवे की चौड़ाई, ट्रैफिक फ्लो और दृश्यता को ध्यान में रखकर तैयार की गई है। यह संरचनाएं न केवल टिकाऊ हैं बल्कि यातायात में किसी भी प्रकार की बाधा उत्पन्न नहीं करती। इससे सड़क दुर्घटनाओं की आशंका भी कम होगी और हाईवे की खूबसूरती में भी वृद्धि होगी।



नगर निगम का कहना है कि यूनिफोल्ड विज्ञापन प्रणाली से जहां एक ओर राजस्व में भारी बढ़ोतरी होगी, वहीं दूसरी ओर शहर की दृश्य सुंदरता में भी निखार आएगा। साफ-सुथरे और व्यवस्थित साइनेंज शहर को आधुनिक स्वरूप देते हुए निवेश और व्यापारिक गतिविधियों को भी बढ़ावा देंगे।

बढ़ती आमदनी से नगर निगम आने वाले दिनों में शहर में और भी नागरिक सुविधाओं को मजबूत करने की योजना पर काम करेगा। स्वच्छता, सड़क सुधार, पार्क विकास और प्रकाश व्यवस्था जैसी सेवाओं में इस अतिरिक्त राजस्व का उपयोग किया जाएगा।

यूनिपोल की स्थापना को शहरवासी भी सकारात्मक कदम के रूप में देख रहे हैं। अवैध होर्डिंगों से मुक्त साफ-सुथरा हाईवे मार्ग अब धमतरी को नई पहचान देने की ओर बढ़ रहा है। नगर निगम का यह प्रयास शहर के स्मार्ट विकास की दिशा में एक मजबूत कदम माना जा रहा है।

## श्री रामलला दर्शन के लिए 33 श्रद्धालु अयोध्या रवाना



हरिभूमि न्यूज ▶▶कुरूद

मुख्यमंत्री रामलीला अयोध्या दर्शन योजना अंतर्गत 33 तीर्थयात्रियों का जत्था जनपद पंचायत कुरुद से एक बस में सवार होकर रायपुर रेलवे स्टेशन के लिए रवाना हुआ जिसे जनपद अध्यक्ष गीतेश्वरी हेमन्त साहू एवं जनप्रतिनिधियों ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।

बुधवार को पालिका कुरुद के 4, नपं भखारा से 4 एवं जनपद क्षेत्र के 25 तीर्थयात्रियों को चाय पानी पिलाकर रायपुर के लिए रवाना किया गया। जनपद अध्यक्ष गीतेश्वरी साहू ने बताया कि तीर्थयात्रा केवल धार्मिक यात्रा नहीं, बल्कि आत्मिक शांति और सामाजिक एकता का प्रतीक है। मुख्यमंत्री तीर्थ योजना के तहत कुरूद विधानसभा से अब तक सैकड़ों लोगों को विभिन्न धार्मिक स्थलों में तीर्थ पर्यटन की निःशुल्क व्यवस्था उपलब्ध कराई गई है। भाजपा महामंत्री थानेश्वर तारक, शक्ति केंद्र प्रभारी टकेश्वर चंद्राकर ने कहा कि मुख्यमंत्री तीर्थ दर्शन योजना के तहत श्रद्धालुओं का चयन लॉटरी सिस्टम से किया जाता है। इस योजना के माध्यम से 50 वर्ष से अधिक व 70 वर्ष से कम उम्र के व्यक्तियों को तीर्थ स्थलों की यात्रा कराई जाती है जिसमें यात्रा एवं खाने-पीने की सारी व्यवस्था शासन द्वारा होती है। विधायक अजय चंद्राकर की अनुशंसा पर इस बार क्षेत्र के 33 तीर्थयात्रियों को रामलला दर्शन का लाभ मिलेगा। इस अवसर पर करारोपण अधिकारी राकेश ध्रुव, दिनेश साहू सहित बड़ी संख्या में पार्टी कार्यकर्ता एवं ग्रामीण मौजूद थे।


## अयोध्या धाम के लिए श्रद्धालुओं को हरी झंडी दिखाकर किया रवाना



हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

श्री रामलला अयोध्या धाम दर्शन योजना के तहत 33 श्रद्धालुओं को रामलला दर्शन अयोध्या के लिए रवाना हुए। इस अवसर पर जनपद पंचायत परिसर धमतरी से बस को हरी झंडी दिखाकर सभी श्रद्धालुओं को सफल एवं मंगलमयी यात्रा की शुभकामनाएं दी गईं। नगर निगम महापौर रामू रोहरा एवं जनपद अध्यक्ष ने श्रद्धालुओं को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि अयोध्या धाम जाना हर व्यक्ति के लिए सौभाग्य की बात है। मर्यादा पुरुषोत्तम प्रभु श्रीराम की नगरी में दर्शन करने से मन को शांति और सकारात्मक ऊर्जा मिलती है। आज मुख्यमंत्री विष्णु देव साय द्वारा चलाई जा रही यह दर्शन योजना आमजन को आध्यात्मिक यात्रा का अवसर प्रदान कर रही है, जो अत्यंत सराहनीय है।

इस अवसर पर जनपद उपाध्यक्ष केशव साहू, कीर्तन मीनपाल जनपद सदस्य, जिला पंचायत सभापति मोनिका देवांगन, जिला पंचायत सदस्य धनेश्वरी साहू, विजय साहू, अखिलेश सोनकर पार्षद, कोमल सार्वा पार्षद समेत जनपद पंचायत के अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित थे।



स्पेशल ट्रेन से - 20 दिसंबर से 30 दिसंबर 2025 (11 दिन)
रामेश्वरम् धाम यात्रा
श्री रामेश्वरम् धाम ज्योतिर्लिंग, श्री तिरूपति बालाजी, श्री मल्लिकार्जुन ज्योतिर्लिंग, मदुरै श्री मीनाक्षीदेवी, श्री कन्याकुमारी,
राशि :- स्लीपर 16,500/-, 3 एसी-27,500/-, 2 एसी 32,500/- (+5% GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
संपर्क करें:-7354 411411

## बनियापारा में 70 प्रतिशत से अधिक एसआईआर प्रविष्टि दर्ज

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी



शहर के 40 वार्डों में मतदाता गहन पुनरीक्षण हेतु अभियान निर्वाचन आयोग द्वारा चलाया जा रहा है। इसकी अंतिम तिथि 4 दिसंबर है। बनियापारा वार्ड में पार्षद पिंटू यादव तथा पूर्व पार्षद सरिता यादव, बूथ अध्यक्ष मोन्टू सोनी, सुमित पटेल, महेश सोनी, संजय तंबोली, पप्पू सोनी आशा सोनी बीएलओ, मीना सोनी, मितानिन, सीमा ध्रुव, योगिता आहूजा वार्ड में लगे शिविर में अपनी सहभागिता प्रदान कर ही रहे हैं। इसके साथ ही घर-घर पहुंचकर लोगों को राष्ट्रव्यापी इस कार्य में अपनी भागीदारी सुनिश्चित करने का निवेदन भी किया जा रहा है। पार्षद पिंटू ने बताया कि उनके वार्ड के बूथ क्रमांक 160 में 75 प्रतिशत तथा एक अन्य बूथ क्रमांक में 70 प्रतिशत से अधिक एसआईआर फॉर्म में प्रविष्टियां मतदाताओं की दर्ज की जा चुकी है। मजबूत लोकतंत्र से ही देश विश्व शक्ति के रूप में दुनिया के सामने सुदृढ़ीकरण के साथ खड़ा हो रहा है। शहर के आमापारा वार्ड में विजय मोटवानी, अंबेडकर वार्ड में कुलेश सोनी, रामसागर वार्ड में शैलेश रजक निरंतर मतदाताओं से इस पुनीत कार्य में अपना योगदान देने की अपील कर रहे हैं।

## चंद्रकांत का वित्त विभाग में सहायक संचालक पद पर चयन



**सांकरा।** छत्तीसगढ़ लोक सेवा आयोग की परीक्षा में जिले के ग्राम मल्हारी के चंद्रकांत का चयन वित्त विभाग में सहायक संचालक के पद पर हुआ है। चंद्रकांत ने अपनी प्राथमिक शिक्षा मल्हारी तथा हाईस्कूल एवं हायर सेकेंडरी शिक्षा शाउमवि सिहावा से पूर्ण की। उन्होंने रायपुर के शासकीय अभियांत्रिकी महाविद्यालय से बीई (मेकैनिकल इंजीनियरिंग) की डिग्री प्राप्त की। उन्होंने सीजीपीएससी की तैयारी वर्ष 2019 से आरंभ की थी और चौथे प्रयास में सफलता प्राप्त करते हुए अनुसूचित जनजाति वर्ग में 9वां स्थान हासिल किया। चंद्रकांत ने अपनी सफलता का श्रेय माता-पिता, परिवार, शिक्षकों और मित्रों को दिया।

तुरंत आराम के लिए
तुलसी आयुर्वेदिक चिकित्सालय
पता - तुलसी निवास, बस स्टैंड के पीछे, उपाध्याय नर्सिंग होम के सामने, धमतरी मो.नं. : 9993010732
लकवा रोग, वातरोग - सभी प्रकार के दर्द, गठियाबात, साइटिका, झुनझुनी वात, कमरदर्द, घुटना दर्द, अकड़न, नस रोग का इलाज
चर्मरोग - दाद, खुजली, बेमची, मुंह में छाला होना का इलाज
पेट रोग - कब्ज, गैस, भूख न लगना, खट्टी डकार आना का इलाज
बवासीर - मस्सा होना, खून निकलना, खुजली होना का इलाज
पुरूष रोग - धातुस्राव, शीघ्रपतन व कमजोरी का इलाज
स्त्री रोग - लाल, सफेद पानी आना, मासिक रुकावट का इलाज
बुखार, खांसी, स्वांसरोग, मूत्ररोग, केशरोग, दांतरोग का इलाज

चर्म रोग एवं एलर्जी क्लीनिक
स्थायी ईलाज
विशेषताएं-
पुराना दाद एवं खुजली, बेमची, मुहांसे (पिंपल्स) सफेद दाग, एलर्जी वाली खुजली)

डॉ. राकेश साहू होम्योपैथिक विशेषज्ञ
सुबह 10 से 3 एवं शाम 5 से 8 बजे तक (मंगलवार बंद)
पता : हनुमान मंदिर के पास सिहावा चौक, धमतरी
मो. 86027-50020